बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांकः योoस्थाo4 / 1–14 / 2023 / योoविo,पटना,दिनांक फरवरी, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

ई–मेल

संयुक्त सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना
मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना
सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला योजना पदाधिकारी, बिहार

विषयः **विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु विभागीय अनापत्ति प्राप्त करने के संबध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–22218 दिनांक–12.12.2022 में बिहार सरकार के सरकारी सेवकों को प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए अवसरों की सीमा के संबंध में प्रावधान अंकित है।

उक्त संकल्प में अंकित प्रावधान के मुख्य अंश निम्नवत है :–

कंडिका–7(क) – बिहार सरकार के सरकारी सेवकों को सेवा में आने के उपरान्त उनकी पूरी सेवा अवधि में प्रत्येक आयोग (बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार कर्मचारी चयन आयोग आदि) द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए अलग–अलग अधिकतम कुल 05 (पाँच) अवसर ही अनुमान्य होंगे।

कंडिका–7(ख) – उपर्युक्त निर्धारित 05 (पाँच) अवसरों की गणना संकल्प निर्गत होने की तिथि के बाद से प्रारम्भ होगी। पूर्व में उपभोग कर लिए गए अवसरों की एतदर्थ उपेक्षा की जाएगी।

विभाग अंतर्गत कार्यरत पदाधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा विभिन्न आयोग के प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए दिए गए आवेदन में यह उल्लेख नहीं किया जाता है कि उनके द्वारा संबंधित आयोग की प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए कितनी अवसरों का उपभोग कर लिया गया है। इस कारण से विभागीय अनापत्ति प्रदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि पदाधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा विषयांकित मामले के संबंध में विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए दिए गए आवेदन को विभाग में अग्रसारित करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि संबंधित आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उपभोग किए गए अवसरों का स्पष्ट उल्लेख आवेदक द्वारा किया गया है।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04 / 1–14 / 2023 / यो0वि0,पटना,दिनांक फरवरी, 2026

प्रतिलिपि – बिहार योजना सेवा एवं बिहार अवर योजना संवर्ग के सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04 / 1–14 / 2023 – 787 / यो0वि0,पटना,दिनांक 10 फरवरी, 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.2.26

सरकार के संयुक्त सचिव